मंडीदीप में पौधारोपण कर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

नगर विकास समिति ने मनाया कारगिल विजय दिवस

मण्डीदीप, 26 जुलाई. औद्योगिक नगर में कारगिल दिवस की 26 वीं वर्षगांठ के मौके पर शनिवार को नगर विकास समिति ने वीर शहीदों को याद किया. इस मौके पर रघुकुलम परिसर में देश पर अपनी जान न्यौछावर कर देने वाले वीर जवानों को सैल्यूट करने के साथ पुष्पांजलि अर्पित की गई. वहीं साथ इस अवसर पर पौधरोपण किया गया.

इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि हर पौधे पर एक शहीद का नाम लगाया गया. इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पाल ने कहा कि साल 1999 की सर्दियों में पाकिस्तानी घुसपैठियों ने मौका देखकर जम्मू-कश्मीर की करगिल समेत और कुछ चोटियों पर कब्जा कर लिया था. लेकिन जब भारतीय सेना को पता चला तो उन्होंने पाकिस्तानी सेना के जवानों को खदेड़ दिया और करगिल की चोटियों पर तिरंगा लहरा दिया. कारगिल विजय दिवस पर देश के शहीदों को नमन करते हुए उनकी स्मृति में शहीदों के नाम मेरा पौधा अभियान चलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. वही नेमीरतन परमर्थिक समिति अध्यक्ष विनोद जैन ने कहा कि देश की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीरों की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता. सैनिक विपरीत परिस्थितियों में भी देश की सीमाओं पर तैनात रहकर हमारी सुरक्षा करते हैं. कारगिल विजय दिवस कारगिल युद्ध में भारत की जीत, भारतीय जवानों को श्रद्धांजलि और उनकी वीरता को नमन करने के लिए मनाया जाता है. ये दिन भारतीय सेना के हर उस जवान को समर्पित है, जिन पर हर हिंदुस्तानी को गर्व है. समिति के उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पौधरोपण भारतमाता के महान सपूतों को समर्पित है. हमारे देश की पवित्र धरती इन वीरों के त्याग और बलिदान से ही सुरक्षित है. कारगिल का युद्ध करीब 3 महीने तक चला था. कारगिल युद्ध की शुरुआत मई 1999 में हुई थी. इस दौरान 674 भारतीय सैनिकों ने देश के लिए बलिदान दे दिया.

> यह पहल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ-साथ देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित करती है. इस अवसर पर समिति के राजेश भवरे, प्रदीप व्यास, अभिषेक परमार, रवि बंसल, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे.

विद्यार्थियों को साइकिल वितरित

बैरसिया, 26 जुलाई. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुनगा में म.प्र.शासन की योजना अन्तर्गत नि:शुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के 64 छात्र- छात्राओं को साइकिल वितरित की गई.

समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रश्मि अवनीश भार्गव उपस्थित रहीं. विशेष अतिथि जनपद सदस्य नेतराम लोधी, सरपंच संतोष लोधी, जनपद सदस्य पतिराम, घनश्याम शर्मा, पंच राकेश राजपूत, एन.के.गुप्ता सहित ग्राम गुनगा के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे. स्कूल आए सभी अतिथियों का प्राचार्य कीर्ति नन्दिनी सक्सेना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. स्टाफ चंद्र सुधा श्रीवास्तव, सीमा कोघरे, माला वर्मा, विपिन भार्गव, हरनाथ सिंह रजनीश, रवि, रविन्द्र आदि सहयोगी रहे.

बैरसिया तक फोरलेन सड़क बनाने का प्रस्ताव

सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात

बैरसिया, 26 जुलाई. राजधानी भोपाल से बैरसिया तक सड़क को फोरलेन किया जाएगा. इसका प्रस्ताव सांसद आलोक शर्मा ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के सामने रखा. सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि भोपाल शहर के चारों ओर राष्ट्रीय राजमार्ग एव एक्सप्रेस नेटवर्क में सुधार की आवश्यकता है.

जनहित को दृष्टिगत रखते हुए निम्नांकित कार्य होना जरूरी है. करोद चौराहा भोपाल से बैरसिया तक 35 किलोमीटर सड़क जो कि एनएच 46 व एनएच 346 को कनेक्ट करती है. वर्तमान में इस सड़क पर यातायात का काफी दबाव है. यह सड़क भोपाल शहर की लाइफ लाइन है. इसे जनसुविधा की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करवाकर जल्द ही फोरलेन में विकसित किया जाए.

> बतादे की भोपाल लोकसभा सांसद आलोक शर्मा ने चुनाव दौरान नुक्कड़ सभाओं में जनता से इस मार्ग को फोरलेन में विकसित कराने की बात कही गई थी. ओर आज वे जनता से किए अपने वादे पर खरे उतरे. इधर इसकी खवर लगते ही बैरसिया सोनकच्छ, सेमरी , हिनोती , हर्राखेड़ा , गुनगा , धर्मरा , दिल्लोद , रतुआ , दोपाड़िया, निपानिया, गोलखेडी , ईंटखेड़ी , अचारपुरा , लामाखेड़ा , चौकसे नगर , जगदीश पुर ओर करोद क्षेत्र के नागरिकों ने खुशी जाहिर करते हुए अपने सांसद शर्मा का आभार व्यक्त किया है.

दुष्यंत ने अपने गीतों से इकट्ठा की भीड़ : दीपक

भोपाल 26 जुलाई. दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के राज सदन में प्रणाम दुष्यन्त की श्रृंखला -7 के तहत दुष्यन्त के गीतों के गायन की प्रस्तुति हुई. डॉक्टर विजय बहादुर सिंह की अध्यक्षता ,नरेंद्र दीपक के मुख्य आतिथ्य और आलोक त्यागी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न इस गोष्ठी में दुष्यन्त के सोलह गीत गाये गये. कार्यक्रम का संयोजन ऋषि श्रृंगारी का था.संचालन धर्मेंद्र सोलंकी ने किया. आभार डॉ. विशाखा राजुरकर ने व्यक्त किया.

इस अवसर मुख्य अतिथि नरेन्द्र दीपक ने कहा मैं एक साल दुष्यन्त के साथ रहा ,हर हफ्ते उनसे मेरी मुलाकात होती थी. दुष्यन्त की खासियत यह थी कि वे भीड़ बनकर कभी नहीं रहे, बल्कि उन्होंने भीड़ इकट्ठा की.

कार्यक्रम के अध्यक्ष डां विजय बहादुर सिंह ने कहा कि कविता हमेशा छंद में होती है ,यानि जो लय में है वह छंद में है.

इस अवसर पर ऋषि श्रृंगारी ने पढ़ा -मैं तुम्हें एक बार फिर से यह सुनना चाहता हूं ,सत्य सपनों का सुखद संसार पाना चाहता हूं .

धर्मेंद्र सोलंकी ने पढ़ा - यही हार है यही जीत है. पाकर खोना,खोकर पाना यही प्यार है ,यही प्रीत है. करुणा राजुरकर ने दुष्यंत का गीत प्रस्तुत किया - ज़िंदगी ने कर लिया स्वीकार अब तो पथ यही है .

प्राणघातक हमलावर को सात साल की सजा

जबलपुर। अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार यादव की अदालत ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी चंगू उर्फ सचिन चौधरी को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को सात साल के सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत के समक्ष अपर लोक अभियोजक लहर दीक्षित ने पक्ष रखा। जिन्होंने अदालत को बताया कि आरोपी चंगू उर्फ सचिन चौधरी पिता दिलीप चौधरी निवासी रामपुर गोरखपुर ने 13 मई 2021 की रात पौने ग्यारह बजे के लगभग पुरानी रंजिश को लेकर शनि उर्फ बाटा उर्फ राजा चौधरी पर चाकू से प्राणघातक हमला किया था। जिससे शनि के पेट में गंभीर चोट आई थी।

हरिहर नाट्य समारोह में वसंत ऋतु नाटक की प्रस्तुति

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 26 जुलाई. शनिवार शाम रविन्द्र भवन में हरिहर नाट्य समारोह के तीसरे दिन नाटक सुवसंतक और नाट्योत्पत्ति कथा की प्रस्तुति दी गई.

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के समन्वय से छह दिवसीय हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन किया गया है . तीसरे दिन अंजनी सभागार में दो नाटकों का मंचन किया गया. पहला नाटक पद्मश्री डॉ.पुरू दाधीच के निर्देशन में सुवसंतक और दूसरा डॉ. संगीता गुंदेचा के निर्देशन में नाट्योत्पत्ति कथा का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया. नाट्य समारोह के पहले मंचन में सुवसंतक में विविध नृत्य शैलियों के सौंदर्य के साथ ऋतु राज वसंत का प्रस्तुतीकरण किया गया. वसंत ऋतु के बीच संसार और प्रकृति के नवल युग में होने वाले बदलावों को डॉ.पुरू दाधीच ने एक रूप देने की कोशिश अपने नाटक सुवसंतक में देने को कोशिश की है जिसकी अनमोल छवियां नाटक के पत्रों द्वारा कौशिक बसु के संगीत निर्देशन और सप्रत्यूष दाधीच, शर्मिष्ठा बसु के संवाद से दर्शकों के बीच रखा गई.

मेट्रो के निर्माण कार्यों का एमडी ने किया निरीक्षण

- निर्धारित समय पर निर्माण कार्य करने के दिए निर्देश

भोपाल, 26 जुलाई. मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य द्वारा शनिवार को सम्पूर्ण भोपाल मेट्रो प्रयोरिटी कोरिडोर (एम्स स्टेशन से सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन) पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के साथ सभी संबंधित विभागों, मेट्रो अधिकारियों, कन्सल्टन्ट व कान्ट्रैक्टर के साथ कार्यों की प्रगति संबंधित जानकारी ली गई एवं निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए .

निरीक्षण की शुरुआत एम्स मेट्रो स्टेशन से हुई एवं प्रत्येक स्टेशन का निरीक्षण करते हुए सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन पर समाप्त हुई. उन्होंने प्रत्येक स्टेशन पर चल रहे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों का जायजा लिया, साथ ही सिविल तथा सिस्टम कान्ट्रैक्टर से स्टेशन पर विभिन्न सिस्टम रूम्स की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली.

ग्वालियर में टूटा 90 साल का रिकॉर्ड

- बारिश : चौथी बार खोलने पड़े तिघरा डैम के गेट

ग्वालियर, 26 जुलाई. ग्वालियर में बरसात के सभी पुराने रिकॉर्ड टूट गए हैं. जुलाई 1935 में 623.9 मिमी बारिश हुई थी, जो इस साल 676 मिमी पहुंच गई हैं.

आंकड़ों की मानें, तो पूरे सीजन में अब तक 926 मिमी बारिश हो चुकी है. यहां गुरुवार रात से शुरू हुआ तेज बारिश का सिलसिला आज शनिवार देर रात तक जारी है. जुलाई में बारिश ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. बीते 24 घंटे के दौरान ग्वालियर शहर में 6.78 इंच (173 मिमी) बारिश दर्ज हो चुकी है. यह बारिश रात 8 बजे तक की है. तिघरा के गेट एक बार फिर खोलने पड़े हैं. इस तरह जुलाई में बारिश ने 90 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जहां अब तक 676 मिमी बारिश हो चुकी है. मौसम विभाग के अनुसार, जुलाई में इस साल 700 मिमी बारिश दर्ज हो सकती है.

गौहर महल में सावन मेला शुरू

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 26 जुलाई. राजधानी भोपाल स्थित ऐतिहासिक गौहर महल में शनिवार से राज्य स्तरीय सावन मेले की रंगारंग शुरुआत हो गई. मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित इस 15 दिवसीय मेले में प्रदेश के कोने-कोने से आये 60 से अधिक शिल्पी और बुनकर अपनी कलाकृतियों के साथ हिस्सा ले रहे हैं.

यह मेला 10 अगस्त तक चलेगा, जिसमें हस्तशिल्प और हथकरघा की विविधता देखने को मिल रही है. मेले में चंदेरी, महेश्वरी और सौसर की पारंपरिक सिल्क और कॉटन की साड़ियों का आकर्षक कलेक्शन लोगों को खासा लुभा रहा है. साथ ही कुर्ती और ड्रेस मटेरियल का लेटेस्ट फैशन भी यहां मौजूद है, जिसे खासतौर पर युवतियां पसंद कर रही हैं. बुनकरों और शिल्पियों ने अपने स्टॉल पर परंपरा और आधुनिकता का खूबसूरत संगम प्रस्तुत किया है. खास बात यह है कि सावन मेले की सजावट भी पारंपरिक अंदाज में की गई है, जो लोगों को पुराने भोपाल की याद दिलाती है.

भारत भवन में क्लासिक फिल्म सुजाता का प्रदर्शन

भोपाल. भारत भवन में सुप्रसिद्ध अभिनेत्री नूतन को समर्पित एकाग्र चार दिवसीय फिल्म समारोह का आयोजन किया जा रहा है.समारोह का संयोजन छवि प्रभाग द्वारा किया गया है, जिसमें नूतन की यादगार फिल्मों का प्रदर्शन और उनकी अभिनय यात्रा पर केंद्रित चर्चाएं आयोजित की जा रही हैं. शनिवार को बिमल राय द्वारा निर्देशित फिल्म 'सुजाता' का प्रदर्शन किया गया. वर्ष 1959 में रिलीज हुई यह फिल्म आज भी दर्शक पसंद करते हैं. फिल्म में नूतन ने शीर्षक भूमिका निभाई है, जिसमें उन्होंने एक दलित लड़की के संघर्षों और समाज की पारंपरिक सोच से टकराव को बेहद संजीदगी से प्रस्तुत किया है.

ग्राम खितवास से निकाली झंडा पदयात्रा

भोपाल, 26 जुलाई बैरसिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत खितवास के ग्राम वासियों के द्वारा प्राचीन हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना कर देवनारायण भगवान के प्रसिद्ध मंदिर बरखेड़ी देव तक झंडा निशान पदयात्रा निकाली गई.

क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य विनय सिंह मैहर ने झंडा निशान यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं यात्रा में सम्मिलित होकर पदयात्रा करते हुए

> प्राचीन स्थान देव की बरखेड़ी मंदिर पहुंचकर भगवान देवनारायण की पूजा करने के पश्चात मंदिर पर झंडा निशान चढ़ाया. इस अवसर पर भारी संख्या में खितवास एवं आसपास के ग्रामीण जन उपस्थित थे.

बेचना है

बिक्री: 2 बीएचके फर्निश्ड फ्लैट, तीसरी मंजिल, ₹ 25 लाख।
भारती निकेतन, चेतक ब्रिज, एमपी नगर, भोपाल | 9910814144



कार्यालय थाना प्रभारी अवधपुरी, नगरीय पुलिस, भोपाल

क्र./2025/डी-179/25 दिनांक 16/7/2025

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना अवधपुरी में अज्ञात मर्ग क्रमांक 16/25 धारा 194 बीएनएस में अज्ञात मृतक राजू ठाकरे उम्र 50 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड की निर्माणाधीन कॉलोनी एसओएस के सामने खजूरी कलां थाना अवधपुरी भोपाल के 11/7/25 को मर्ग कायम किया गया था, जो मजदूरी का काम कर रहा था. करीबन 11 बजे लगभग चाय की दुकान पर अचानक बेहोश होने से एम्स अस्पताल में डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया, जिनके बारे में आज दिनांक तक कोई जानकारी या परिजन का पता नहीं चल पाया है . अगर कोई व्यक्ति को इनके बारे में जानकारी हो तो परिवारजनों का या रिश्तेदारों को सूचित कर थाना अवधपुरी को अवगत करावें . इस संबंध में कोई भी जानकारी थाना अवधपुरी के मोबाइल नंबर 9479990584/ 7587601391 या 9827049679 पर सूचित करें .

थाना प्रभारी
थाना अवधपुरी, जिला भोपाल

G16226/25

धार्मिक आयोजन

मानस भवन में पांच दिवसीय रामकथा का शुभारंभ

श्री राम ने रावण के दुगुर्णों के विरुद्ध युद्ध लड़ा : मंदाकिनी

भोपाल, 26 जुलाई. तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तत्वावधान में पांच दिवसीय रामकथा शनिवार को मानस भवन के पंडित रामकिंकर सभागृह में प्रारंभ हुई. मानस मर्मज्ञ रामकिंकरजी की आध्यात्मिक उत्तराधिकारी और मानस की अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता मन्दाकिनी श्रीरामकिंकर ने रामकथा सुनाते हुए कहा भगवान श्रीराम से पहले रावण को अन्य दो महारथियों के द्वारा परास्त किया गया था.

बालि ने तो छः महीने अपने बाएं हाथ में उसे दबाकर रखा था और सहस्त्रार्जुन ने भी रावण को युद्ध में पराजित किया था. पर हम न तो बालि की पूजा करते हैं और न ही सहस्त्रार्जुन की .हम श्रीराम के विजयपर्व को मनाते हैं क्योंकि वह रावण नामक व्यक्ति नहीं, रावणत्व की वृत्ति के विरुद्ध युद्ध था. विभीषण जी रावण की आतंकवादी प्रवृत्ति की शक्तियों से परिचित थे. वे व्याकुल हो गए कि युद्ध में जो संसाधन चाहिए, वह श्रीराम के पास नहीं थे. वह वस्तुत व्यक्ति के हृदय से लड़ा जाने वाला युद्ध है- वह दुर्गुणों और दुर्विचारों के विरुद्ध युद्ध है. भगवान राम ने समझाया कि रावण के पाप उनके दुर्गुण और दोषों के साथ लड़ कर मैं उसे नष्ट कर देना चाहता हूँ.

> जैसा एक चिकित्सक रोगी और रोग में भेद करता है . यद्यपि रोग रोगी के शरीर में ही होते हैं, पर चिकित्सक-रोगी का तो हितैषी मित्र होता है . और रोग का शत्रु . रोग को नष्ट करके रोगी को स्वस्थ बना देता है . श्री हनुमानजी महाराज तो अमर देवता हैं, उन्होंने व्रत किया है कि वे भगवान श्रीराम की सेवा करेंगे . दासानुदास बनकर प्रत्येक व्यक्ति की कामना पूर्ण करने का संकल्प लिए हुए श्री हनुमानजी आज भी संपूर्ण संसार में भगवान श्रीराम से अधिक पूजे जाते हैं . आयोजन के मुख्य आतिथि कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रमसिंह ने कहा कि तुलसी मानस प्रतिष्ठान में रामकथा एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के कारण आज राजधानी में प्रयागतीर्थ के समान हो गया है .

SMFG IndiaCredit
Pragati Ki Nayi Pehchaan

SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED
कॉर्पोरेट कार्यालय: 10वीं मंजिल, कार्यालय संख्या 101,102 और 103, 2 नॉर्थ एवेन्यू, मेकर मैक्सिटी,
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के तहत)

जबकि अधोहस्ताक्षरी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, जिसका पंजीकृत कार्यालय कॉमर्सोन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116 और कॉर्पोरेट कार्यालय 10वीं मंजिल, कार्यालय नंबर 101, 102 और 103, 2 नॉर्थ एवेन्यू, मेकर मैक्सिटी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051 में है, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित दिनांक की मांग सूचना जारी की है जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नीचे उल्लिखित सूचना में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। निम्नलिखित उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में असफल रहने के कारण, निम्नलिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्तियों पर कब्जा ले लिया है:

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम और ऋण खाता संख्या	मांग सूचना की तिथि और बकाया	कब्जे की तिथि
1. क्योर 4 श्योर एंटरप्राइजेज 2. नीलेश कुमार वरुडकर 3. अरविंद वरुडकर 4. नीटू ऋण खाता 213120911372370	12-05-2025. रु. 28,31,502/- (रुपये अट्ठाईस लाख इकतीस हजार पाँच सौ दो) 06.05.2025 तक	24.07.2025

संपत्ति के मालिक - नीलेश कुमार वरुडकर और अरविंद वरुडकर हैं। संपत्ति विवरण- एक आवासीय मकान क्रमांक 26-ए/बी, जो खसरा क्रमांक 18/1//2/2/3 पर निर्मित है, साईनाथ नगर (श्रीराम जन कल्याण गृह निर्माण सहकारी समिति एमवायडीटी) ग्राम दामखेड़ा, पटवारी हल्का क्रमांक 39, तहसील हुजूर और जिला, भोपाल एमपी में स्थित है। जिसके प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 4.575 x 15.25 69. 768 वर्ग मीटर है। एक दो मंजिला इमारत, जिसका क्षेत्रफल 46.97 वर्ग मीटर है। भूतल पर, 44.04 वर्ग मीटर प्रथम तल पर निर्मित और 22.798 वर्ग मीटर शेष खुला क्षेत्र जो पूर्व में मकान संख्या 26-ए/ए, पश्चिम में मकान संख्या 27, उत्तर में -20 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण में मकान संख्या 47 से घिरा है।

विशेष रूप से ऋणी और आम जनता को एतद्‌वारा इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी लेन-देन पर ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज सहित एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड का प्रभार लागू होगा। ऋणी का ध्यान, सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

स्थान: मध्य प्रदेश दिनांक: 27/06/2025.
एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी- एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड